# नई सेमीकंडक्टर पॉलिसी लाएगी प्रदेश सरकार

■ एनबीटी ब्यूरो, लखनऊ : निवेश को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार जल्द नई सेमीकंडक्टर पॉलिसी लाएगी। नीति के मसौदे के तहत निवेश करने वाली कंपनियों को जितनी वित्तीय मदद मिलेगी, यूपी सरकार उसका 50% हिस्सा देगी। इसके अलावा जमीन के दाम पर भी रियायत दी जाएगी और स्टांप ड्यूटी व इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी में भी 100% की छूट दी जाएगी।

